प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. **कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या और दुश्कर्म के विरोध में डॉक्टरों की देशव्यापी हड़ताल जारी, रिम्स के जूनियर डॉक्टर और आईएमए की संयुक्त बैठक आज, कल ओपीडी सेवा चालू करेंगे या नहीं इस पर लेंगे निर्णय।**
2. **भारतीय चिकित्सा संघ ने स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए प्रधानमंत्री से कानून लाने की मांग की; केंद्र सुरक्षा उपायों के लिए समिति बनाएगा।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पाकुड़ जिले की 57 हजार 120 महिलाओं के खाते में एक–एक हजार रुपये हस्तांतरित कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की करेंगे शुरुआत।**

और

4. **मौसम विभाग ने आज और कल रांची समेत राज्य के अधिकतर जिलों में भारी बारिश की जताई संभावना।**

****

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की पीजी की छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में कल झारखंड के डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी भी हड़ताल पर रहे। सरकारी और निजी अस्पतालों के चिकित्सकों ने अपनी ओपीडी सेवाएं पूरी तरह से ठप रखी। कल सुबह छह बजे से ही हड़ताल का असर दिखने लगा था। अस्पतालों में आए मरीजों को दिखाने के लिए ओपीडी की पर्ची जारी नहीं की जा रही थी। रांची के रिम्स, जिलों के सभी सदर और प्रखंड के अस्पतालों में ओपीडी में मरीजों का इलाज नहीं हुआ। रिम्स जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन और आईएमए की संयुक्त बैठक आज होगी। इसमें हड़ताल पर चर्चा होगी और फैसला लिया जाएगा कि आगामी सोमवार को ओपीडी और रूटीन वर्क होंगे या नहीं। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की है।

****

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पश्चिम बंगाल के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाया जा सके। संघ की मांग है कि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था हवाई अड्डे जैसी होनी चाहिए। श्री मोदी को लिखे पत्र में संघ ने कहा है कि अस्पताल में दुष्कर्म मामले की जांच निश्चित समय–सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए और पीड़ित पक्ष को शीघ्रता से न्याय मिलना चाहिए। संघ ने पीड़िता के परिवार के लिए उचित मुआवजे की भी मांग की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन देते हुए उनसे व्यापक जनहित में कार्य पर लौटने का आग्रह किया है।

****

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि देश में इस समय मंकीपॉक्स का कोई रोगी नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली में एक बैठक में मंकीपॉक्स की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए एहतियाती उपाय करने का निर्णय लिया गया।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पाकुड़ जिले की 57 हजार 120 महिलाओं के खाते में एक–एक हजार रुपये हस्तांतरित कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की शुरुआत करेंगे। महेशपुर प्रखंड के गायबथान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दोपहर लगभग एक बजे पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री वहां पर करोड़ो रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन के साथ परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री का आज गोड्डा जिले में भी कार्यक्रम है। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

****

भारतीय जनता पार्टी की ओर से 23 अगस्त को रांची में युवा आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली की तैयारियों को लेकर हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में कल बैठक हुई। इसमें नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी भी शामिल हुए. जिन्होंने रैली की रूपरेखा और उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में मत्स्य पालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना काफी लाभकारी साबित हो रही है। –

****

मौसम विभाग ने आज से अगले दो दिनों तक राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र के निदेशक ने बताया कि आज रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा और गुमला समेत आसपास के जिलों में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। बारिश को देखते हुए आम लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की गयी है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने डॉक्टरों की हड़ताल और झामुमो विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पार्टी बदलने की चर्चा से संबंधित खबर को प्रमुखता प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–रिम्स और सदर अस्पताल में इमरजेंसी छोड़ रहीं सभी सेवाएं ठप, बिना इलाज के लौटे मरीज।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–चंपाई से मिले लोबिन, फिर पाला बदल की अटकलें तेज।

हजारीबाग जिला बल के मृत जवान को क्षति पूर्ति राशि दिए जाने की खबर पर दैनिक जागरण ने शब्द दिए हैं–हवलदार चौहान हेंब्रम के आश्रितों को मिलेंगे 1 करोड़ 29 लाख रुपये।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–महिलाओं की सुरक्षा के लिए अब हर मार्ग पर चलेंगे पिंक ऑटो।

अंग्रेजी अखबार संडे टाइम्स और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी डॉक्टरों की हड़ताल को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******समाप्त***********